जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-33 | जयपुर, सोमवार, 15 अगस्त, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 8



## जॉब्स

1. एलआईसी एचएफएल, पद असिस्टेंट मैनेजर /असिस्टेंट, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 25 अगस्त 2022
2. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन मेट,पद संख्या 112, अंतिम तिथि 6 सितंबर 2022
3. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी, टीजीटी टीचर, पद संख्या 547, अंतिम तिथि 27 अगस्त 2022
4. पीडीआईएल, पद डिप्लोमा इंजीनियर, डिग्री इंजीनियर, पद संख्या 132, अंतिम तिथि 28 अगस्त 2022
5. बीएसएफ, पद हेड कांस्टेबल, एएसआई, पद संख्या 323, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
6. इंडियन आर्मी अग्नीपथ योजना पद अग्निवीर (केवल लड़कियों के लिए), पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 सितंबर 2022
7. एसएससी दिल्ली पुलिस सीपीओ, पद एसआई, पद संख्या 4300, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
8. एसएससी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2022

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अम्बेडकर विकास समिति

चौमूं - जयपुर द्वारा संचालित

**बिक्री भंडार-**
खादी ग्रामोद्योग भण्डार, बदनपुरा चौक, चौमूं, (गोविंदगढ़)

**हमारे उत्पादन**
दरी फर्श, खेश , आलमारी,टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान

निर्धारित विशेष छूट उपलब्ध है

मोहन लाल बुनकर अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा मंत्री | शंकर लाल वर्मा सहा. मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

खादी मंदिर

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**
सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703




## जन्मदिन पर दें एक पौधा धरती को उपहार में: वृक्षमित्र डॉ सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)** जीवन के हर खुशियों के पल की यादों को धरती में सजोने के लिए लगातार कार्य कर रहे उत्तराखंड में वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के जन्मदिन को ग्रामसभा मजगांव प्रधान बीना देवी की अध्यक्षता व प्रधानाचार्य महाबीर सिंह धनोला के नेतृत्व में पूजा अर्चना व पड़े पौधे लगाकर धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम डॉ सोनी के विधिविधान से ग्रह पूजन किया ततपश्चात पीपल, बटवृक्ष, बोटलब्रश, नीबू, तुलसी के पौधों का रोपण किया तथा जन्मदिन पर पौधा लगाने के लिए तिरंगा रैली भी निकाली गई।

वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि प्रकृति ने मानव जीवन को माता के माध्यम से खास दिवस पर धरा में भेजा हैं उस दिन को हर मानव जन्मदिन का जश्न मनाकर मनाता है मेरा प्रयास हैं मै अपने जन्मदिन को ग्रामीणों के साथ पौधा लगाकर मनाता हूं। बसर्ते पौधे लगाने की परंपरा बनाने में मुझे बहुत बाधाओं का सामना करना पड़ा। लोगो की यह धारणा थी कि पौधों को स्मृति या जो लोग इस धरा से चल बसे हैं उनकी याद में लगाई जाती हैं इसलिए जन्मदिन पर पौधे लगाने को कोई तैयार नहीं होता था तब मैंने स्वयं अपने जन्मदिन पर पौधा लगाना शुरु किया फिर अपने बच्चों के जन्मदिन पर। आज समाज मे जन्मदिन पर पौधा लगाना दिखाई दे रहा है यह मेरी 30 सालों की मेहनत हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ हमारी यादें पेड़ पौधों के रूप में इस धरती में रहे यही मेरा प्रयास हैं।

## रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के रक्तवीर ने 25 की उम्र में किया 24 वीं बार रक्तदान




**जयपुर (हमारा वतन)** रक्तदाता भवानी शंकर प्रजापत गांव नटवाड़ा तहसील निवाई जिला टोंक ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में एडमिट चल रहे प्रहलाद गुर्जर की प्लेटलेट्स की कमी के कारण ऑपरेशन रुका हुआ था व हनुमान प्रसाद रतनपुरा ने राजेंद्र चौधरी मांदी फागी को आपबीती बताई । उन्होंने रक्तदाता भवानी शंकर प्रजापत नटवाडा को फोन किया । भवानी शंकर अपने गांव से 90 किलोमीटर दूर जयपुर के मोनार्क ब्लड बैंक में पहुंचकर पीड़ित के लिये आज 24 वी बार रक्तदान के रूप में प्लेटलेट डोनेट किया । गर्व है हमें ऐसे रक्तवीरों पर जो मानवता की पीड़ा को समझ कर 90 किलोमीटर दूर से चलकर किसी अनजान को जीवनदान दिया ।

राजेंद्र चौधरी ने बताया कि धन्य है वह मां जिन्होंने ऐसे लाल को जन्म दिया है जो हमारे देश के फौजी की तरह अपने देश की जवान युवाओं की रक्तदान करके जीवन बचाने में लगे हुये है ।

## ईटावा भोपजी संज्या वाटिका में भामाशाह संतोष कंवर ने भेंट की दो सीमेंटेड कुर्सियां



**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर के पास राजपूत मोक्ष धाम संज्या सती माता मंदिर में स्वर्गीय रुपसिंह नाथावत की धर्मपत्नी संतोष कंवर ने दो सीमेंटेड कुर्सियां सप्रेम भेंट की । इस दौरान साई मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, विनोद शर्मा, कृष्ण शर्मा, भूपेंद्र सिंह और अनेक भक्तगण उपस्थित रहे ।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876 | इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703 | त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गो का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**
❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**
● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक | राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष | प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष | कमल किशोर शर्मा - मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

## ई.आर.सी.पी को लेकर जल्द होगी मध्यप्रदेश के साथ बैठक

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी) के संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की। उन्होंने चौहान को अवगत करवाया कि 2005 में राजस्थान-मध्यप्रदेश अन्तर्राज्यीय नियंत्रण मण्डल की 13वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ही ई.आर.सी.पी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। चौहान ने सभी मुद्दों पर चर्चा एवं सहमति बनाने के लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के स्तर पर एक बैठक रखने पर सहमति जताई है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में चंबल की सहायक नदियों से प्राप्त हो रहे पानी पर आधारित इस प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश से बहकर आने वाले पानी के 10 प्रतिशत से कम हिस्से का उपयोग होगा।

अतः वर्ष 2005 में लिए गए निर्णय के अनुसार ऐसी परियोजनाओं के लिए मध्यप्रदेश की सहमति की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्व में राजस्थान ने भी मध्यप्रदेश द्वारा इस प्रकार चंबल एवं सहायक नदियों पर बनाई गई।

परियोजनाओं में आपत्ति प्रकट नहीं की थी तथा मध्यप्रदेश ने उन नदियों पर बांधों का निर्माण कर लिया। इसी प्रकार ई.आर.सी.पी पर भी मध्यप्रदेश का सहयोग अपेक्षित है।



(कविता)

## स्वतंत्रता दिवस

भारत भू को कर स्वतंत्र,
जिन देश भक्तों ने नाम किया।
तन मन धन और प्राण समर्पित,
देशभक्ति का काम किया।
नमन उन्हें है शत शत वन्दन ,
जिसने जीवन धन्य किया।
लाल ,बाल,व पाल भगत ने
मिल कर अपना बलिदान दिया।
गांधी,नेहरू पटेल सुभाष ने
राष्ट्र प्रेम का संचार किया।
नमन करे सब मिलकर हम उनको ,
जिसने सब कुछ है कुर्बान किया।
तिरंगे का मान बढ़ा कर ,
खुद को ही बलिदान किया।
आजादी की अलख जगाकर ,
भारत को है स्वतंत्र किया।
आजादी के वीर सपूत बन,
भारत को सम्मान दिया।
धन्य धन्य वो रणबांकुरे ,
धन्य है सेना के प्रहरी।
जल थल नभ की सेनाओं ने,
नव भारत निर्माण किया ।
राष्ट्र भक्तों का कर आराधन,
हम भी जीवन धन्य करें।
देश प्रेमी हम बने सभी मिल,
नव भारत निर्माण करें।
नई पीढ़ी और हम सब मिलकर,
सशक्त भारत का निर्माण करें।
ईमानदारी और एकता से,
भारत का नव निर्माण करें।
आओ इस स्वतंत्रता दिवस पर,
भारत की जय जयकार करें।
आओ मिल स्वाधीनता दिवस पर
हम तिरंगे का सम्मान करें ,
सब भारत माँ को नमन करें।

**- राजेन्द्र आचार्य राजन,भवानी मंडी**



**नगर निगम जयपुर 1 लाख घरों पर लगवाएगा तिरंगा**

## निगम मुख्यालय से अमर जवान ज्योति तक निकाली तिरंगा यात्रा

जयपुर (नि.सं.)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जयपुर नगर निगम ग्रेटर की ओर से भी आज तिरंगा यात्रा निकाली। नगर निगम मुख्यालय से अमर जवान ज्योति तक निकाली गई इस रैली में जगह-जगह पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि निगम की ओर से जयपुर में 1 लाख घरों पर तिरंगा लगवाया जाएगा। हाथों में तिरंगा, भारत माता के जयकारे के साथ स्कूली बच्चों के संग मेयर, अफसर और नगर निगम के कर्मचारी भी देशभक्ति के नारे लगाते नजर आए। टोंक रोड निगम मुख्यालय से रवाना हुई रैली विधानसभा होते हुए अमर जवान ज्योति तक पहुंची। रैली के दौरान अलग-अलग वार्डों के पार्षद भी मौजूद रहे। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों के साथ स्कूली बच्चों ने बैंड वादन की प्रस्तुति दी। मेयर डॉ.सौम्या ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, इसी के तहत ये रैली लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए निकाली गई।


**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!**

# क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

## भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

"मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।"

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!**

# खादी ग्रामोद्योग भण्डार



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

**हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें**

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!**

# लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

**हमारे खादी उत्पादन**
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष | मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष | राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!**

# ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 02962 - 2243518

❁ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❁ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❁ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❁ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❁ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❁ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❁ खादी निकेतन, बागीदौरा
❁ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

**सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल**

**स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता**

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष | गणपत लाल जैन - मंत्री | इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

# राजस्थान खादी संघ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

**देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए**

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।
❒ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

रामदयाल लाटा : अध्यक्ष | मालीराम शर्मा : सहायक मंत्री
राधेश्याम गुप्ता : उपाध्यक्ष | चमेल सिंह : मंत्री



## स्वतंत्रता दिवस 2022

# आजादी के दिन कहां थे महात्मा गांधी 15 अगस्त 1947 की रोचक बातें

15 अगस्त का दिन पूरे भारत में स्वतंत्रता दिवस  के रूप में मनाया जाता है। सन् 1947 में इसी दिन भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिली थी। अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अहम भूमिका रही थी। लेकिन क्या आपको इस बात की जानकारी है कि जब भारत को आजादी मिली थी तो महात्मा गांधी इस जश्न में नहीं थे। तब वे दिल्ली से हजारों किलोमीटर दूर बंगाल के नोआखली में थे, जहां वे हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच हो रही सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए अनशन कर रहे थे। आजादी की सालगिरह के मौके पर यहां जानें इस यादगार दिन से जुड़े कुछ दिलचस्प तथ्य -

1. आजादी की निश्चित तिथि से दो सप्ताह पहले ही गांधीजी ने दिल्ली को छोड़ दिया था। उन्होंने चार दिन कश्मीर में बिताए और उसके बाद ट्रेन से वह कोलकाता की ओर रवाना हो गए, जहां साल भर से चला रहा दंगा खत्म नहीं हुआ था।

2. 15 अगस्त 1947, को जब भारत को आजादी मिली थी तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इस जश्न में शामिल नहीं हो सके थे, क्योंकि तब वे दिल्ली से हजारों किलोमीटर दूर बंगाल के नोआखली में थे, जहां वे हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच हो रही सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए अनशन कर रहे थे। गांधीजी ने 15 अगस्त 1947 का दिन 24 घंटे का उपवास करके मनाया था। उस वक्त देश को आजादी तो मिली थी लेकिन इसके साथ ही मुल्क का बंटवारा भी हो गया था। पिछले कुछ महीनों से देश में लगातार हिंदू और मुसलमानों के बीच दंगे हो रहे थे। इस अशांत माहौल से गांधीजी काफी दुखी थे।

3. 14 अगस्त की मध्यरात्रि को जवाहर लाल नेहरू ने अपना ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टनी' दिया था। इस भाषण को पूरी दुनिया ने सुना था लेकिन महात्मा गांधी ने इसे नहीं सुना क्योंकि उस दिन वे जल्दी सोने चले गए थे।

4. हर साल स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री लाल किले से झंडा फहराते हैं, लेकिन 15 अगस्त, 1947 को ऐसा नहीं हुआ था। लोकसभा सचिवालय के एक शोध पत्र के मुताबिक नेहरू ने 16 अगस्त, 1947 को लाल किले से झंडा फहराया था।

# आजादी का मतलब मनमानी नहीं है, जश्न मनाएं पर नियमों का पालन जरूर करें

हमें आजादी के मायनों पर भी चिंतन मनन करना होगा। आज भी हमारे आपके बीच बहुत से ऐसे लोग भी हैं, जिनके लिए आजादी का मतलब मनमानी और स्वच्छंदता है। कानून कायदे और स्थापित नियम तोड़ना हमारा शगल बन चुका है। 200 साल ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी के पश्चात् 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ था। लाखों देशवासियों ने कुर्बानियां देकर आजादी प्राप्त की थी। 75वें स्वतंत्रता दिवस पर हम जोशो-खरोश के साथ आजादी का जश्न मनाने जा रहे हैं। इस वर्ष आजादी का जश्न हम ऐसे माहौल में मना रहे हैं जब जम्मू कश्मीर में मोदी सरकार ने धारा 370 हटा दी। हालाँकि इसे हटाने का वादा भाजपा के घोषणा पत्रों में काफी समय से किया जा रहा था। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी सफलता से उत्साहित मोदी सरकार ने आखिरकार धारा 370 हटाकर एक देश एक विधान और एक निशान का अपनी पूर्व पार्टी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार कर दिया। अभी तक कश्मीर में शांति है और शेष भारत में अधिकतर लोगों ने खुशी जाहिर की है। सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में इस धारा के कारण अलगाववादियों और आतंकवादियों को मनमानी की छूट मिली हुई थी और अब यहाँ विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कुछ लोग इसे तूफान के पहले की शांति बता रहे हैं। पाकिस्तान भारत के इस कदम से बौखलाया हुआ है और कई प्रकार की धमकियां दे रहा है। विश्व जनमत भारत के साथ है। देशभर में देशभक्ति का ज्वार अपने चरम है। यह तो भविष्य ही बताएगा इससे देश की एकता और अखंडता कितनी मजबूत होगी। बहरहाल देशवासियों को अपनी आजादी का जश्न जोर शोर से मनाने का यह पर्व है। इसी के साथ हमें आजादी के मायनों पर भी चिंतन मनन करना होगा। आज भी हमारे?आपके बीच बहुत से ऐसे लोग भी हैं, जिनके लिए आजादी का मतलब मनमानी और स्वच्छंदता है। कानून कायदे और स्थापित नियम तोड़ना हमारा शगल बन चुका है। चौराहों पर ट्रैफिक नियमों के पालन की बात हो चाहे बंद रेलवे क्रॉसिंग से झुक कर निकलने की। ट्रेन निकलने का इंतजार करने की बजाय लोग बाइक और साइकिलों को झुका कर बैरियर के नीचे निकलने में कोई संकोच नहीं करते हैं। सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है। जहां मर्जी हुई खड़ा कर दिया। राह चलते पीक थूकना आम बात है। कुछ खा रहे हैं तो उसे भी सड़क पर फेंकना अपनी शान समझते हैं। लड़की दिख गयी तो टीका टिप्पणी करने से नहीं चूकेंगे। अव्यवस्थाओं के लिए हम सिस्टम के सिर दोष मढ़ते थक जाते हैं।



लेकिन कभी खुद के गिरेबां में झांक कर देखने की जरूरत नहीं समझते। यह सोचने-विचारने की बात है कि क्या इसी दिन के लिए देश आजाद हुआ था कि देशवासी मनमानी करें। हम अपने दिल पर हाथ रख कर मंथन करें क्या यही आजादी के मायने हैं। युवाओं के लिए रोजगार की बातें गौण हो गई है। गरीब के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की बात दोयम हो गई है। महिलाओं की स्वतंत्रता कागजों में दफन हो रही है। सरकारी नौकर के लिए आजादी का अर्थ जेब भरना है। देश और समाज का हर पक्ष अपनी-अपनी बात पर दृढ़ता से कायम है।

# 15 अगस्त की खास बातें...

तुम मम्मी-पापा से किसी चीज की जिद करते हो और बार-बार मांगने के बाद जब वह तुम्हें मिलती है तो कितनी खुशी होती है ना। समझ ही नहीं आता कि नाचें, गाएं या क्या करें उसे सेलिब्रेट करने के लिए। कुछ ऐसा ही हुआ था 15 अगस्त 1947 को। जब करीब 300 साल के बाद हमारे देश को आजादी मिली थी। उस समय के अनछुए पहलू जानते हैं



**मना उत्सव** -15 अगस्त 1947 को पूरा देश आजादी का उत्सव मना रहा था। देश के लगभग हर हिस्से में लोग इतने उत्साहित थे कि सड़कों पर नाच रहे थे। राष्ट्रपति भवन, संसद आदि के आसपास करोड़ों लोगों का हुजूम था। पूरे दिन यही हाल रहा।

**कहां थे गांधी जी** -महात्मा गांधी उस पूरे दिन किसी सेलिब्रेशन में शामिल नहीं हुए। वे पश्चिम बंगाल के बेलियाघाट के एक घर में थे। सबसे पहले गांधी जी ने ब्रिटेन में रहने वाले अपने दोस्त अगाथा हेरिसन को एक पत्र लिखा और उन्हें बताया कि वे ईश्वर का धन्यवाद करते हैं कि देश को आजादी मिली। उन्होंने उस दिन उपवास रखा था। पूरे दिन में वे कई छात्रों से मिले और कुछ लिखते रहे।

**पहले ही हो गया था फैसला**-भारत को आजाद करने का फैसला ब्रिटेन की सरकार ने 26 फरवरी 1947 को ही कर लिया था। इस दिन ब्रिटिश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पॉलिसी की घोषणा की थी। इसमें कहा गया था कि ब्रिटेन की सरकार ने यह फैसला कर लिया है कि भारत को जून 1948 तक स्वतंत्र कर दिया जाएगा। इसीलिए लॉर्ड माउंटबैटन को भारत का वायसरॉय नियुक्त किया जा रहा है, जिससे वे ब्रिटेन के हाथों से भारत को सभी अथॉरिटी देने का प्रबंध करें। इसलिए सारा कार्य पहले से ही हो चुका था। लोगों में खुशी का माहौल था, केवल अंतिम घोषणा होनी बाकी थी।

**पहली मीटिंग** -14 अगस्त को आजादी की घोषणा होते ही इंडिपेंडेंस मीटिंग बुलाई गई। यह मीटिंग नई दिल्ली में रात 11 बजे बुलाई गई। इस सेशन की अगुवाई डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने की। इस मौके पर ओपनिंग सॉन्ग यानी मीटिंग आरंभ करने से पहले 'वंदे मातरम' सुचेता कृपलानी ने गाया था।

**कैसे शुरू हुआ दिन** -15 अगस्त के दिन की शुरुआत सुबह 8.30 बजे हुई, जब वायसरीगल लॉज (जिसे अब राष्ट्रपति भवन के नाम से जाना जाता है) में शपथग्रहण समारोह हुआ। नई सरकार ने सेंट्रल हॉल (आज जिसे दरबाल हॉल कहा जाता है) में शपथ ली।

**एक साल पहले मिली आजादी** -लॉर्ड माउंटबैटन से कहा गया था कि वे जून 1948 तक भारत को सभी अधिकार ट्रांसफर करने की व्यवस्था कर लें। इसके बाद लॉर्ड ने भारतीय नेताओं से बात की, पर यह उतना आसान नहीं था, क्योंकि जिन्ना और नेहरू के बीच बंटवारे को लेकर कई विवाद थे। लॉर्ड के लिए समस्या बढम्ती ही जा रही थी, इसलिए उन्होंने 1947 में ही आजादी को लेकर सभी तरह की औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं।

**क्यों चुना 15 अगस्त का दिन** -जहां तक 15 अगस्त के दिन को चुनने की बात है तो यह लॉर्ड का निजी फैसला था, क्योंकि वे 15 को अपने करियर के लिए काफी लकी मानते थे।

# भारत की आज़ादी के लिए 15 अगस्त का ही दिन क्यों



भारत की आज़ादी के लिए 15 अगस्त 1947 की आधी रात का ही समय क्यों चुना गया, यह जानना रोचक मालूम पड़ सकता है। इस बात को तीन अलग-अलग सवालों में भी विभक्त किया जा सकता है। 1947 ही क्यों  15 अगस्त ही क्यों  और आधी रात ही क्यों  आइये जानते हैं। महात्मा गांधी और सुभाषचंद्र बोस की गतिविधियां इसमें अहम भूमिका निभाती हैं। 1940 की शुरुआत से ही गांधी और बोस की गतिविधियों से अवाम बहुत जाग गया था, आंदोलित हो गया था और दशक के आरंभ में ही ब्रिटिश हुकूमत के लिए यह एक चिंता का विषय बन चुका था। 1945 में दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के समय ब्रिटिश आर्थिक रूप से कमज़ोर हो चुके थे और वे इंग्लैंड में स्वयं का शासन भी चलाने में संघर्ष कर रहे थे। विभिन्न स्त्रोतों की मानें तो ब्रिटिश सत्ता लगभग दिवालिया होने की कगार पर थी। इसी साल ब्रिटेन के चुनावों में लेबर पार्टी लेबर पार्टी की जीत हुई जिसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हाथोहाथ लिया क्योंकि लेबर पार्टी ने भारत सहित ब्रिटेन में तत्कालीन उपनिवेश को स्वतंत्रता प्रदान करने का वायदा किया था। लिहाजा, लार्ड वॉवेल ने भारतीय नेताओं से देश की आज़ादी के बाबत वार्ता करने की पहल की और छुटपुट गतिरोधों के बावजूद इन वार्ताओं ने खासा ज़ोर पकड़ा। फरवरी 1947 में, सत्ता के अंतरण के लिए लार्ड माउंटबेटन को भारत का अंतिम वाइसराय नियुक्त किया गया।

**1947 ही क्यों :** इस योजना के तहत शुरुआती तौर पर ब्रिटेन से भारत तक जून 1948 तक सत्ता अंतरित किया जाना प्रस्तावित था। फरवरी 1947 में सत्ता प्राप्त करते ही लार्ड माउंटबेटन ने भारतीय नेताओं से आम सहमति बनाने के लिए तुरंत श्रृंखलाबद्ध बातचीत शुरू कर दी। लेकिन सब कुछ इतना आसान नहीं था। खासकर, तब जब विभाजन के मसले पर जिन्ना और नेहरू के बीच द्वंद की स्थिति बनी हुई थी। एक अलग राष्ट्र बनाए जाने की जिन्ना की मांग ने बड़े पैमाने पर पूरे भारत में सांप्रदायिक दंगों को भड़काया और हर दिन हालात बिगड़ते चले गए और बेकाबू होते गए। निश्चित ही इन सब की उम्मीद माउंटबेटन ने नहीं की होगी इसलिए इन परिस्थितियों ने माउंटबेटन को विवश किया वह भारत की स्वतंत्रता का दिन 1948 से 1947 तक एक साल पहले ही पूर्वस्थगित कर दें। माउंटबेटन की योजना वाली 3 जून की तारीख पर स्वतंत्रता और विभाजन के संदर्भ में हुई बैठक में ही यह तय किया गया था।

**15 अगस्त ही क्यों :** यह लार्ड माउंटबेटन ही थे जिन्होंने निजी तौर पर भारत की स्वतंत्रता के लिए 15 अगस्त का दिन तय करके रखा था क्योंकि इस दिन को वे अपने कार्यकाल के लिए बेहद सौभाग्यशाली मानते थे। इसके पीछे खास वजह थी। असल में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1945 में 15 अगस्त के ही दिन जापान की सेना ने उनकी अगुवाई में ब्रिटेन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। माउंटबेटन उस समय संबद्ध सेनाओं के कमांडर थे।

**आधी रात ही क्यों :**3 जून के प्लान में जब स्वतंत्रता का दिन तय किया गया और सार्वजनिक रूप से घोषित किया गया तब देश भर के ज्योतिषियों में आक्रोश पैदा हुआ क्योंकि ज्योतिषीय गणना के अनुसार 15 अगस्त 1947 का दिन अशुभ और अमंगलकारी था। विकल्प के तौर पर दूसरी तिथियां भी सुझाई गईं लेकिन माउंटबेटन 15 अगस्त की तारीख पर ही अटल रहे, क्योंकि यह उनके लिए बेहद खास तारीख थी। आखिर समस्या का हल निकालते हुए ज्योतिषियों ने बीच का रास्ता निकाला। उन्होंने 14 और 15 अगस्त की मध्यरात्रि का समय सुझाया और इसके पीछे अंग्रेजी समय का ही हवाला दिया जिसके अनुसार रात 12 बजे बाद नया दिन शुरू होता है।








# कौन हैं आकांक्षा शर्मा, जिन्हें बताया जा रहा है टाइगर श्रॉफ की नई गर्लफ्रेंड

टाइगर श्रॉफ इनदिनों इंडस्ट्री में अपने काम से ज्यादा लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। ये खबर छाई हुई है कि टाइगर अब आकांक्षा शर्मा को डेट कर रहे हैं। इस बारे टाइगर का रिएक्शन भी आया है।गॉसिप वर्ल्ड में इन दिनों बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ का नाम टॉप पर है। पिछले दिनों दिशा पाटनी संग उनके ब्रेकअप की खबरों के चलते वह सुर्खियों में रहे और उनकी लव लाइफ को लेकर ताजा अपडेट है। इस बात की अटकलें लगाईं जा रही हैं कि टाइगर श्रॉफ इन दिनों एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा को डेट कर रहे हैं। जानें इस हसीना को डेट करने की खबरों पर टाइगर श्रॉफ ने क्या कहा?



**कौन हैं आकांक्षा शर्मा?**

कई डांस वीडियोज में नजर आईं आकांक्षा शर्मा हाल ही में टाइगर श्रॉफ के साथ कैसेनोवा और आई एम ए डिस्को डांसर 2.0 म्यूजिक वीडियो में नजर आईं थीं। इसके अलावा आकांक्षा कई म्यूजिक वीडियोज में थिरक चुकी हैं, इनमें बादशाह का हिट पार्टी सॉन्ग जुगनू भी शामिल है। बता दें आकांक्षा ने इंडस्ट्री में बतौर मॉडल एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके अलावा साउथ इंडस्ट्री में भी आकांक्षा कई डांसिंग नंबर्स पर थिरक चुकी हैं। महेश बाबू और वरुण धवन जैसे एक्टर्स के साथ कई एड फिल्म में दिख चुकी हैं। बता दें आकांक्षा ने साल 2020 में साउथ फिल्म त्रिविक्रम से फिल्मों में डेब्यू किया था।

**डेटिंग की खबरों पर टाइगर का जवाब?**

टाइगर श्रॉफ को अकसर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर कम बात करते ही देखा गया है। वह जीतना हो सके शोबिज इंडस्ट्री से अपनी पर्सनल लाइफ को दूर ही रखना पसंद करते हैं।


# सलमान खान की फिल्म से निकाले जाने की खबरों पर Shehnaaz Gill ने तोड़ी चुप्पी, कहा- 'मेरा डेली डोज है'



शहनाज गिल के बारे में एक चौंकाने वाली खबर आई कि उन्हें सलमान खान की फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। ऐसी भी रिपोर्ट थी कि शहनाज ने सलमान खान को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। शहनाज की डेब्यू फिल्म को लेकर जब इस तरह की खबरें फैलीं तो उनके फैन्स को निराशा हुई। अब 'बिग बॉस' स्टार ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इसे महज अफवाह बताया। उन्होंने कहा कि वह फिल्म कर रही हैं। शहनाज गिल के इंस्टाग्राम फॉलोइंग लिस्ट में देखें तो वह सलमान खान को फॉलो करती दिख रही हैं। शहनाज ने पोस्ट में लिखा, 'LOL ! पिछले कुछ हफ्ते से इस तरह की अफवाहें मेरे मनोरंजन का डेली डोज हैं। लोगों के फिल्म देखने का इंतजार है और निश्चित रूप से मैं भी फिल्म में हूं।' आगे उन्होंने हार्ट का इमोजी बनाया। बता दें कि फिल्म के सेट से शहनाज की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। उन्होंने शूटिंग शुरू कर दी थी लेकिन इसका आधिकारिक रूप से ऐलान नहीं किया गया कि शहनाज डेब्यू करने वाली हैं। एक अवॉर्ड फंक्शन में जब पत्रकारों ने उनसे उनकी फिल्म को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने सवाल को टाल दिया।

**मल्टीस्टारर है फिल्म**-'कभी ईद कभी दिवाली' का नाम अब 'भाईजान' कर दिया गया है। अभी मेकर्स की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। मल्टीस्टारर इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट पूजा हेगड़े हैं। फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी कर रहे हैं।

# सारा अली को डेट करने के सवाल पर बोले देवरकोंडा- मैंने उनको मैसेज किया था...



विजय देवरकोंडा फिल्म लाइगर की रिलीज से पहले हिंदी दर्शकों के बीच कॉफी विद करण की वजह से कुछ ज्यादा ही लाइमलाइट में आ गए हैं। एक एपिसोड में सारा अली खान ने कहा था कि वह उन्हें डेट करना चाहती हैं। अब विजय ने इस पर जवाब दिया है। उनके जवाब से ऐसा लग रहा है कि वह इधर-उधर की गॉसिप के बजाय चाहते हैं कि उन्हें अच्छे ऐक्टर के रूप में देखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि कॉफी विद करण के एपिसोड के बाद वह सारा को मैसेज कर चुके हैं।ऐक्टर विजय इस वक्त अपनी फिल्म लाइगर के प्रमोशन में बिजी हैं। विजय इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। इसमें विजय के अपोजिट अनन्या पांडे हैं। फिल्म 25 अगस्त को रिलीज हो रही है। इससे पहले वह अनन्या के साथ कॉफी विद करण में आकर बज क्रिएट कर चुके हैं। वहां इस सीजन के दूसरे एपिसोड में सारा अली खान भी उनको डेट करने की इच्छा जता चुकी हैं। जब विजय देवरकोंडा से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने ईटाइम्स को बताया, ठीक है पर मैं पहले बेहतर ऐक्टर हूं। मैंने उनको (सारा) मैसेज किया था। उनका ऐसा कहना काफी स्वीट है।**रिलेशनशिप पर बोले...**जब विजय से पूछा गया कि क्या वह सच में सारा अली खान के साथ डेट करना चाहेंगे? इस पर विजय ने जवाब दिया, मैं रिलेशनशिप शब्द ठीक से बोल तक नहीं पाता, मैं इसमें हो कैसे सकता हूं।

## [75 वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष]

# कर्तव्य से बनता है देश

हम शिकायत करते हैं कि स्वतंत्रता के इतने वर्षो बाद भी हमें देश ने कुछ नहीं दिया, लेकिन यह नहीं सोचते कि हमने देश को क्या दिया। यदि सभी लोग याचना छोड़कर देश के प्रति अपने कर्तव्य निभाएं, तो देश की उन्नति को कोई रोक नहीं सकता..अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति जे.एफ कैनेडी ने कहा था- 'यह मत सोचो कि देश आपको क्या देता है, बल्कि यह सोचो कि देश को आपने क्या दिया है..'। बात स्लोगनों की नहीं है, बात नारों की नहीं है, बात विचार की है। विचार यह कि क्या मैं देश के सामने याचक बन कर आता हूं या देश के लिए कुछ करने की इच्छा से जीता हूं?आमतौर पर हम देश से अपेक्षाएं रखते हैं, स्वतंत्रता से अपेक्षाएं रखते हैं, लेकिन खुद से कोई अपेक्षा नहीं रखते। यह जानते हुए भी कि हमसे ही बनता है देश। हम हमेशा शिकायत करते रहते हैं कि स्वतंत्रता के इतने सालों बाद भी हमें यह नहीं मिला, हमें वह नहीं मिला, लेकिन हम यह नहीं देखते कि हमने देश को क्या दिया। यदि उन लोगों की बात को सही भी मान लें कि देश गर्त में जा रहा है, तो क्या उसके जिम्मेदार हम नहीं हैं? हम देश के लिए कुछ नहीं करते, उसकी आर्थिक, सांस्कृतिक समृद्धि में कोई योगदान नहीं करते और देश से अपेक्षा करते रहते हैं कि वह हमारे लिए करे। हमसे ही देश बनता है। हमारे कार्यो से ही वह प्रगति के रास्ते पर जाएगा।स्वतंत्रता दिवस के समय जरूर हम लोगों में देश के प्रति देशभक्ति उजागर होने लगती है। रेडियो, टेलीविजन में देशभक्ति के गाने हमें कुछ समय के लिए अपने कर्तव्यों के लिए प्रोत्साहित करते हैं। परंतु कुछ समय बाद हमारा मन भी और चीजों में उलझ जाता है।दरअसल, व्यक्ति पांच स्तरों पर जीता है। आर्थिक, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक स्तरों



पर। हर स्तर में देश की एक प्रमुख भूमिका होती है। हम सब पर देश का उधार है। देश ने हमारी झोली में इतना कुछ दिया है, फिर भी हम देश के सामने भीख का कटोरा लेकर खड़े रहते हैं। अंग्रेजी में एक कहावत है, जैसा आप सोचते हैं, वैसे ही हो जाएंगे अर्थात आपकी सोच ही आपको बनाती है। अपने आसपास देखिए। अधिकतर लोग आपको याचक बने नजर आएंगे। मां-बाप बच्चों के सामने बैठे हैं कि मेरी झोली में सम्मान डाल दो। कर्मचारी मालिक के सामने याचक बना बैठा है कि मुझे प्रमोशन दे दो। मालिक सरकार के सामने याचक बना बैठा है कि हमें टैक्स में छूट दे दो।हमें सोच को व्यापक बनाना चाहिए। छोटा सोचेंगे तो हम छोटे ही रह जाएंगे। हमारे मन में देने का भाव हो न कि लेने का। देश को जब हम देते हैं, उसी का प्रतिफल देश हमें देता है, इसे याद रखें। जैसे ही हमारे अंदर देने का भाव पैदा होता है, अपने आप हम दाता के रूप में स्थापित हो जाते हैं, वहीं जब मन में लेने का भाव होता है, तो हम याचक बन जाते हैं। स्वामी रामतीर्थ जी ने एक नियम बताया था, 'द वे टु गेन एनीथिंग इज टु लूज इट' अर्थात कोई भी चीज प्राप्त करना चाहते हो तो उसको देना शुरू कर दो। यदि आप ज्ञान चाहते हो, तो ज्ञान देना शुरू कर दो। जितना ज्ञान आप लोगों को दोगे, उतना आपका ज्ञान बढ़ेगा। यदि आप चाहते हैं कि आपको सम्मान मिले तो अन्य लोगों को सम्मान देना शुरू कर दीजिए। यदि आप सेवा चाहते हैं तो दूसरों की सेवा शुरू कर दीजिए।परिवार, समाज और ईश्वर तक तो यह बात हमें शायद समझ में आ जाए, परंतु जब देश की बात होती है तो हम सब लोगों में अधिकतर लूटने, हड़पने, छीनने का विचार आ जाता है। हम अपने काम से दूसरे शहर जाते हैं, तो एक-एक पैसा संभाल कर खर्च करते हैं, परंतु कभी सरकारी खर्च पर कहीं जाने का अवसर मिल गया, तो अनाप-शनाप खर्च करने लगते हैं। आमतौर पर लोग कहते हैं, 'सब चोरी करते हैं तो हम क्यों न करें'। यह तो वही बात हुई कि सब कुएं में कूद रहे हैं तो हम क्यों न कूदें।




### पीएम ने कॉमनवेल्थ के मेडलिस्ट से मुलाकात की

## मोदी बोले-हॉकी में हम पुराना रुतबा हासिल कर रहे, पूजा ने देश को भावुक किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। PM अपने सरकारी आवास पर सुबह 11 बजे भारतीय एथलीट्स से मिले। बर्मिंघम में भारत ने 22 गोल्ड के साथ कुल 61 मेडल जीते हैं। 22 गोल्ड के अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल हुए हैं। उन्होंने बर्मिंघम में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल से भी बातचीत की और उनके अनुभव को जाना। उनसे फिटनेस को लेकर भी बात की। **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा**- हॉकी में हम जिस तरह अपना पुराना रुतबा हासिल कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है। मेंस और विमेंस दोनों टीमें बधाई हैं। हमें खुशी है कि कई खेलों में मेडल जीतने के करीब थे। यह सुकून देने वाला था। बेटियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूजा ने सिल्वर मेडल जीतने के बाद देश से माफी मांगी और भावुक हो गईं। उनके साथ पूरा देश भावुक हुआ और सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है।

## रॉयल लंदन वनडे कप में चेतेश्वर पुजारा की शतकीय पारी

### पंड्या की टीम के खिलाफ एक ओवर में बनाए 22 रन,107 रन की पारी खेली

**नई दिल्ली।** चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है, लेकिन रॉयल लंदन वनडे कप में उनका बल्ला जमकर चल रहा है। वार्विकशायर के खिलाफ खेले गए मैच में ससेक्स के कप्तान पुजारा ने135 के स्ट्राइक रेट से बनाए। उन्होंने 107 रन की पारी खेलने के साथ ही एक ओवर में 22 रन बनाए।इस मैच में हालांकि पुजारा की टीम को जीत नहीं मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्विकशायर ने 6 विकेट पर 310 रन का अच्छा स्कोर बनाया था। जवाब में ससेक्स की टीम पुजारा के शतक के बाद भी 7 विकेट पर 306 रन ही बना सकी। इस तरह से वार्विकशायर ने यह मुकाबला 4 रन से जीता।

**पुजारा ने नॉर्वेल की ओवर में 22 रन बनाए**-ससेक्स की पारी का 45वां ओवर तेज गेंदबाज लियाम नॉर्वेल डाल रहे थे। इस ओवर में पुजारा ने 22 रन बनाए।



## बैडमिंटन: वर्ल्ड चैंपियनशिप के ड्रॉ घोषित क्वार्टरफाइनल में सी यंग से भिड़ेंगी पीवी सिंधु

**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप की घोषणा करते हुए बताया कि पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु क्वार्टरफाइनल में कोरिया की आन सी-यंग का सामना करेंगी। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय को एक ही ड्रॉ में रखा गया है। बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप (BWF World Championships) का आयोजन टोक्यो में 21 से 28 अगस्त के बीच किया जाएगा। यह आयोजन पहली बार जापान में आयोजित हो रहा है। सिंधु को पहले दौर में बाई दिया गया है। उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये दूसरे दौर में एशियाई चैंपियन चीन की वांग ज़ी यी और क्वार्टरफाइनल में कोरिया की आन से यांग का सामना करना होगा।दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु ने पांच बार कोरियाई खिलाड़ी का सामना किया है और पांचों बार उन्हें हार मिली है। 2019 चैंपियन सिंधु 2021 में पदक से चूकने के बाद वापसी करना चाहेंगी। वह चैंपियनशिप में अब तक एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित पांच पदक जीत चुकी हैं। साइना नेहवाल को ड्रॉ के अंतिम हिस्से में रखा गया है और पहले दौर में उनका सामना हॉन्ग कॉन्ग की चियुंग न्यान यी से होगा।

### नैतिक मूल्यों के प्रति आस्थावान बनें शिक्षक-शिक्षा मंत्री

# अगले तीन साल में नैतिक मूल्यों पर आधारित मॉड्यूल से होगा शिक्षकों का आमुखीकरण

### रामकृष्ण मिशन के सहयोग से 200 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को प्रोजेक्टर वितरण




जयपुर(नि.सं.)। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को प्रोजेक्टर वितरण के अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने शिक्षकों को नैतिक मूल्यों के प्रति आस्थावान बनने एवं बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया। बुधवार को एचसीएम रीपा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था रामकृष्ण मिशन के सहयोग से 200 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को प्रोजेक्टर वितरित किए गए ।

इसी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के संस्था प्रधानों को संबोधित करते हुए डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि नैतिक मूल्य ही आदर्श शिक्षक बना सकते है। नैतिक मूल्यो पर जीने के लिए आत्मबल को मजबूत बनाइये, ,जिसका आत्मबल मजबूत होगा वह झुकेगा नहीं। उन्होने शिक्षकों को नैतिक मूल्यों के प्रति दृढ़ रहने को कहा। उन्होने हीरे जवाहरात आदि को रत्न न बताते हुए अन्न,जल एवं संत-महात्माओं द्वारा कहे गए सुभाषित वाक्यों को असली रत्न बताया। उन्होने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के लिए पहले स्वयं नैतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा रखने एवं खुद का चरित्र निर्माण करने की बात कही। उनके द्वारा रामकृष्ण मिशन एवं दानदाताओं का प्रोजेक्टर देने के लिए का आभार व्यक्त किया गया ।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ मोहन लाल यादव ने प्रखर स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जय बोलने का उल्लेख करते हुए स्वामी जी के जीवन को देश के लिए अमूल्य एवं अनुकरणीय बताया ।

### सूक्ष्म सिंचाई योजना की सतत मॉनिटरिंग के लिए

## स्थानीय विधायकों को भी शामिल किया जाए




जयपुर(नि.सं.)। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने निर्देश दिए कि राज्य में सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत चल रही विभि बसन्न गतिविधियों के आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति एवं मॉनिटरिंग में स्थानीय विधायकों को भी जोड़ा जाए। इससे सूक्ष्म सिंचाई योजना की जानकारी दूरदराज के काश्तकारों को भी प्राप्त हो सकेगी। दिनेश कुमार स्थानीय पंत कृषि भवन में उद्यान विभाग के योजना प्रभारियो के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कोटा और चित्तौड़गढ़ जिलों में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किसानों और अन्य लोगों की आवाजाही बढ़ाने के लिए यहां एग्रो टूरिज्म की संभावनाएं तलाशने पर भी चर्चा की गई। उद्यान विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालन के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

## तानाशाह सरकार के खिलाफ 'करो या मरो' जैसे आंदोलन की जरूरत:राहुल गांधी

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के खिलाफ एक बार फिर 1942 की तरह आंदोलन छोड़े जाने की जरूरत है। राहुल गांधी ने यह बात 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ के मौके पर कही। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार को 'तानाशाह सरकार' बताते हुए इसके खिलाफ एक और 'करो या मरो' जैसे आंदोलन की जरूरत बताई।

**बेरोजगारी की हालत पर किया ट्वीट:** राहुल गांधी ने कहा कि आज हिंदुस्तान की तानाशाह सरकार के खिलाफ और देश की रक्षा के लिए एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत है, अब समय आ गया है जब अन्याय के खिलाफ, बोलना ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी को भारत छोड़ना ही होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने देश में बेरोजगारी बढ़ने से संबंधित एक ग्राफ का हवाला देते हुए ट्वीट किया कि 'जरूरत- घर-घर रोजगार। असलियतः हर घर बेरोजगार।'

**फेसबुक पोस्ट में लिखी यह बात:** कांग्रेस नेता ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि इतिहास का वो पन्ना जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता वो है भारत छोड़ो' आंदोलन।

### दुर्वासा महादेव से रामेश्वर महादेव तक उमड़ा आस्था का जन सैलाब

# 35 किलोमीटर कावड़ यात्रा में शामिल हुए चांदना

जयपुर(नि.सं.)। सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने बूंदी जिले के हिंडोली क्षेत्र में दुर्वासा महादेव से रामेश्वर महादेव तक करीब 35 किलोमीटर पैदल कावड़ यात्रा की। उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर प्रदेश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। चांदना ने सुबह दुर्वासा महादेव की पूजा-अर्चना कर महादेव के जयकारे लगाते हुए कावड़ लेकर रामेश्वर महादेव के लिए रवाना हुए। जंगल में दुर्गम एवं उबड़-खाबड़ रास्तों से तीन-चार किलोमीटर की दूरी तय कर कावड़ यात्रा डाटुंदा पहुंची। जहां खेल राज्यमंत्री ने बीजासन माता के मंदिर में धोक लगाई। कावड़ यात्रा का बिजासन माता मंदिर, डाटुंदा चौराहा, डाटुंदा पंचायत कार्यालय, डोकरी की घाटी, खोखरी घाटी, अमरपुरा, नारायणपुर एवं रामी की झौपड़ियां सहित रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने चांदना का साफा और मालाएं पहनाकर स्वागत किया, वहीं फूल बरसाकर कावड़ियों की अगवानी की।

इस दौरान पूरा वातावरण भोले के जयकारों से गूंजता रहा और युवा एवं महिलाएं डीजे की भक्तिमयी धुन पर नाचते रहे। इससे पूरा इलाका शिव भक्ति से सराबोर हो गया। दोपहर एक बजे बाद कावड़ यात्रा बसोली मोड़ चौराहा पहुंची, जहां कावड़ियों ने प्रसादी ग्रहण की और कुछ समय के लिए विश्राम किया।



### स्वागत से अभिभूत हुए कावड़ यात्री

कावड़ यात्रा में शामिल यात्रियों में भी जोरदार उत्साह दिखाई दिया। हर हर महादेव, ऊँ नमः शिवाय के नारों से माहौल शिवमय हो गया। यात्रियों ने यात्रा मार्ग में पग पग पर हुए जोरदार स्वागत की भी तारीफ करते हुए कहा की यात्रा का ऐसा स्वागत पहली बार देखा है।

### अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने पोकरण के

## उप जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा, मरीजो से मिलकर पूछी कुशलक्षेम

जयपुर (नि.सं.)। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने पोकरण उप जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, ओपीडी, आईपीडी, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। कोविड में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना में 10 लाख तक के इलाज की व्यवस्था की गई है वहीं 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर दिया गया है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर चिरंजीवी बीमा योजना में पंजीयन करावें।

### जयपुर नगर निगम में शिकायतों की लंबी वेटिंग

## खराब रोड लाइट ठीक करवाने के लिए करना पड़ेगा इंतजार;3400 से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर शहर में अगर आपके मोहल्ले या गली में खराब रोड लाइट ठीक करवानी है या किसी एरिया में सफाई करवानी है तो आपको उसके लिए लंबे समय तक इंतजार करना होगा। खराब सफाई व्यवस्था, रोड लाइट और जाम सीवरेज को ठीक करने के अपने मूल काम में जयपुर शहर की सरकार यानी नगर निगम फेल हो रहा है। यही कारण है कि यहां हर रोज कॉल सेंटर के जरिए सैंकड़ों लोग शिकायतें दर्ज तो करवा रहे हैं, लेकिन उनका निस्तारण नहीं हो रहा। हालात ये है कि अब इन शिकायतों का अंबार किसी कचरे के ढेर की तरह नगर निगम में लग गया है। नगर निगम के रिकॉर्ड को देखे तो अभी 7 हजार से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग पड़ी है।

## सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, जिला स्तर पर नहीं घोषित कर सकते अल्पसंख्यक

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक याचिका के जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करना कानून के विपरीत है क्योंकि धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों पर विचार राज्य स्तर पर होना चाहिए। न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति एसआर भट्ट की पीठ ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम-1992 को चुनौती देने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र को निर्देश दे कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों को परिभाषित करे।

### स्वागत | चोरों को पकड़ने पर पुलिस का माला पहनाकर स्वागत

# 3000किलोमीटर दूर जाकर किया 19 लाख की चोरी खुलासा, 48 मोबाइल को रडार पर रखा



बाड़मेर(वि.सं.)। आपने अब तक चोरी खुलासा करने व आरोपियों को पकड़ने पर पुलिस ऐसा स्वागत नहीं देखा होगा। बाड़मेर की चौहटन पुलिस का लोगों ने फूल माला पहनाकर, मुंह मिठा करवाकर स्वागत किया। दरअसल, चौहटन पुलिस ने 3 हजार किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल में जाकर 19 लाख रुपए के मोबाइल चोरी का खुलासा किया। 5 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस आरोपियों को लेकर जब चौहटन पहुंची तो इंतजार कर रहे लोगों ने स्वागत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चौहटन पुलिस ने मामले में आरोपियों की तह तक जाने के लिए चोरी हुए सभी मोबाइल के आईएमईआई नंबर को सर्विलेंस पर रखा था। चौहटन में पढ़ाई करने वाले युवाओं ने मौज के लिए मोबाइल चुराए और पश्चिम बंगाल जाकर बेच कर आए। दरअसल, नवातला राठौड़ान धोरीमन्ना निवासी खुमाराम पुत्र देवाराम ने चौहटन थाने में 20 जुलाई को रिपोर्ट दी थी। चौहटन कस्बे के बाखासर बस स्टेंड पर कृष्णा कम्प्युटर एण्ड मोबाइल की दुकान है। रात में चोरों गाड़ी से शटर बांधकर तोड़कर 11 रुपए के मोबाइल व 6 लाख रुपए की एक्सेसरीज व 2 लाख रुपए कैश चुरा कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। चोरी की पूरी घटना लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने चोरी के 48 मोबाइल का आईएमईआई सर्विलांस पर रखा, ताकि सिम डालते ही अलर्ट मिल जाए। इस दौरान चोरी के मोबाइल जब पं. बंगाल में एक दुकानदार ने बेचे तो पुलिस को अलर्ट मिल गया। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने लोकेशन निकाल बंगाल पहुंच गई। जहां युवक को गिरफ्तार किया तो उसने मोबाइल बिल लेकर खरीदना बताया। इस पर उस दुकान तक पहुंची, जहां दुकानदार ने कहा कि ये मोबाइल गोगाराम ने उन्हें कंपनी के गिफ्ट मिलने का बता बेचे है। इस पर पुलिस ने मोहम्मद हुसैन पुत्र हयातुला व निजामुल हक पुत्र अब्दुर नूर निवासी गंगापुर मुर्शिदाबाद पं. बंगाल को गिरफ्तार किया।



# विराटनगर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर में जागृति संस्थान विराटनगर व रेस्टलेस डेवलपमेंट के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया, जिसमे गो निशा गो प्रोग्राम को लांच किया एवं दृश्य सामग्री (प्रोजेक्टर) के माध्यम युवाओं को गो निशा गो कार्यक्रम दिखाया गया।

जागृति संस्थान के मनीष मिटावा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी का स्वागत किया । कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गो निशा गो कार्यक्रम युवाओं पर आधारित है और इस प्रोग्राम के माध्यम से युवा अपने जीवन में कैसे परिवर्तन ला सकता है। साथ ही वह अपने आने वाले जीवन को बेहतर कैसे बना सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से यूथ लीडर्स रेखा सैनी व चेतना शर्मा ने गो निशा गो गेम खेलकर किशोर बालिकाओं को गेम की जानकारी दी। उनको इस गेम के बारे में प्रेरित किया कि इस गेम के माध्यम से किशोर बालिकाओं में कैसे बदलाव लाकर सोच को विकसित किया जा सकता है । इस गेम में क्या क्या ऐसी चीजें हैं जो अपने विचारों में परिवर्तन ला सकते हैं । गो निशा गो गेम को खेलने के लिए इसे आप प्ले स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते है, जिसमें किशोरावस्था को लेकर के बातें होती हैं व गर्भनिरोधको के बारे में युवा लड़कियों को जानकारी दी जाती है।

# चौमूं में ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उठाई नियमों में संशोधन की मांग



**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं में ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई । भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश के बहुसंख्यक ओबीसी वर्ग के आरक्षण संबंधी नियमों में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में कार्मिक विभाग राजस्थान के द्वारा 17 अप्रैल 2018 को भूतपूर्व सैनिको के 12.5 प्रतिशत आरक्षण को बदलकर ओबीसी के 21 प्रतिशत में समायोजित करके युवाओं के साथ कुठाराघात किया है । उसी नियम को वर्तमान राजस्थान सरकार द्वारा अनवरत रखने से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 21 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल पा रहा है ।

पूर्व छात्रसंघ अरविन्द यादव ने बताया कि पिछले चार साल से राज्य सरकार द्वारा आयोजित की गई भर्तियों में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला, जिससे ओबीसी वर्ग के युवाओं के साथ कुठाराघात हो रहा है । वर्तमान सरकार जल्द से जल्द भूतपूर्व सैनिको के आरक्षण को पूर्व की भाँति लागू करे अन्यथा युवाओं का उग्र आन्दोलन होगा।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया की 16 अगस्त को रामबाग गार्डन जयपुर रोड पर बड़ी जनप्रतिनिधि सभा का आयोजन होगा जिसमे आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा । इस दौरान महेंद्र लाम्बा प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस ,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मेघराज चौधरी, पार्षद शेलेन्द्र चौधरी , पूर्व सीताराम देवन्दा, अजय यादव, रोहिताश यादव और ओबीसी वर्ग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



सीकर में पशुपालन मंत्री ने लम्पी डीजीज को लेकर ली बैठक

## लम्पी रोग को विभागीय अधिकारी गंभीरता से लेते हुए पशुधन बचानें का प्रयास करें- पशुपालन मंत्री

जयपुर (नि.सं.)। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया सीकर जिले के दौरे पर आएं। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने पशुओं में चल रहे लम्पी रोग की रोकथाम के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी लम्पी रोग को गंभीरता से लेते हुए जहां तक संभव हो सके पशुधन को बचानें का प्रयास करें। पशुपालन मंत्री ने अधिकारियों से जिले के पशुधन की प्रगति की समीक्षा कर उन्हें मिशन मोड़ पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में लम्पी रोग के संक्रमण की स्थिति, रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा कर्मियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संक्रमण की जानकारी मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर इलाज करें और पशुपालकों को बचाव के उपायों के लिए जागरूक करने के निर्देश दिये। पशुपालन मंत्री ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वें अपने-अपनें क्षेत्र की गौशालाओं का आवश्यक रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान वैटनेरी डॉक्टरों को अपने साथ आवश्यक रूप से रखें। उन्होंने कहा कि आम लोग में इस रोग के प्रति जागरूता लाना अति आवश्यक है। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि पशुधन सहायक एवं कृषि पर्यवेक्षक आपस में समन्वय बनाकर काम करें। वहीं संक्रमित पशु का विशेष ध्यान रखा जायें। उसके खान-पान एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे ताकि संक्रमण अन्य पशुओं में फैलने से रोका जा सकें, रोग ग्रसित पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखा जाये व पशुओं के कोरन्टाईन की व्यवस्था अलग से रखी जायें।

# राष्ट्र रत्न सम्मान मिलने पर पत्रकार राम गोपाल सैनी का भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने राष्ट्र रत्न सम्मान मिलने पर पत्रकार राम गोपाल सैनी का साफा बंधवाकर, श्याम दुपट्टा पहनाकर और श्याम कलम भेंटकर सम्मानित किया ।

भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि पत्रकार राम गोपाल सैनी निष्पक्ष रुप से खबरें प्रकाशित करते हैं और छोटी से छोटी खबर को भी अपने न्यूज़ पोर्टल, पेपर और चैनल पर जगह देते हैं । उत्कृष्ट पत्रकारिता के दम पर ही इनको राष्ट्र रत्न सम्मान मिला है । बाबा श्याम से इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, ये यूं ही आगे बढ़ते रहें । गौरतलब है कि 5 अगस्त को गुलाबी नगर जयपुर के जवाहर कला केंद्र में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक समारोह में पत्रकार राम गोपाल सैनी को राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया था ।

इस दौरान पंडित हरिओम शास्त्री, सूरज बिंवाल, सुरेन्द्र कुमार सैनी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



# विधायक शर्मा ने किया आर एन नोवाल फाउंडेशन के निशुल्क तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**जयपुर (हमारा वतन)** आर एन नोवाल फाउंडेशन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में निशुल्क तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक रामलाल शर्मा ने किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि आर एन नोवाल फाउंडेशन समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण , निशुल्क पौधा वितरण, निशुल्क औषधि वितरण शिविर आदि का कार्यक्रम भी करता रहता है । तिरंगा झंडा का निशुल्क वितरण भी एक राष्ट्र भक्ति का कार्य है।

आर एन नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 500 तिरंगा झंडा का वितरण घर-घर जाकर किया गया। तिरंगा झंडा का निशुल्क वितरण डॉ राकेश कुमार शर्मा (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक ) के सानिध्य में किया गया।

इस अवसर पर पार्षद गजेंद्र यादव ,आर्यावर्त योगपीठ के अध्यक्ष श्रवण कुमार सेन, चैतन्य जीवन सेवा संस्थान के सचिव चैतन्य शर्मा , संदीप शर्मा, शैलेंद्र विजयवर्गीय,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# समाज सेवा के लिए किया अच्छाई संस्था अध्यक्ष विनीत शर्मा का सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में आयोजित पिंक सिटी ग्रौरव रत्न अवार्ड समारोह में समाज सेवा के लिए अच्छाई संस्था अध्यक्ष विनीत शर्मा को ऑर्गनाइजर मो अजहरुद्दीन द्वारा सम्मानित किया । अच्छाई संस्था अध्यक्ष विनीत शर्मा ने बताया संस्था द्वारा लगभग 10 साल से लगातार जनहित के कार्य किये गए है ।

संस्था द्वारा कच्ची बस्ती में में सुविधाएं उपलब्ध कराना, ग्राम प्राथमिक स्कूलों का सुधार कराना, पौधरोपण, डेंगू से बचाव के लिए कच्ची बस्ती में कीटनाशक का छिड़काव, लोकडाउन में गरीबों को भोजन-अनाज, लड़कियों को निशुल्क आत्म सुरक्षा ट्रेनिंग, रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा शिविर, अंगदान जागरूकता अभियान, जैविक खेती वर्कशॉप, पानी सफाई सीवर लाइन के लिए ज्ञापन प्रदर्शन, कच्ची बस्ती में महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बांटना एवम हाइजीन जागरूकता, बीमार शवानो का इलाज, बस्ती में महिलाओं को स्वरोजगार ट्रेनिंग, भिखारियों को स्वरोजगार के लिए प्रयास, बेटियो पढ़ाने-बढ़ाने योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान आदि कई जनहित कार्य किये गए ।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# तिरंगे में छुपा है स्वतंत्रता का असली मंत्र


राम गोपाल सैनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि भारतीय स्वाधीनता के अमृतमहोत्सव (स्वाधीनता का 75वां वर्ष ) को हम स्मरणीय बनाएं। इसके लिए उन्होंने कहा कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हम हमारे स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक हमारा राष्ट्र ध्वज अपने घरों में सम्मान पूर्वक फहराएं। किसी भी राष्ट्र का ध्वज उस राष्ट्र की संप्रभुता के प्रतीक होता है। 2 अगस्त से के पीछे भी एक उद्देश्य है। महात्मा गांधी जी को ध्वज का विचार देने वाले और तिरंगा ध्वज बनाने वाले पिंगली वेंकैया के योगदान को स्मरण करना भी है। पिंगली वैंकैया का जन्म 2 अगस्त 1876, को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भटलापेनुमारु नामक गाँव में हुआ था। अपनी युवावस्था में पिंगली वेंकैया सरकारी, गैर सरकारी नौकरी भी किये। बाद में गांधी जी से जुड़ गए। 1921 में उन्होंने जो ध्वज बनाया था वह लाल और हरा था। इस बीच कई सुझाव मिले। 1931 में कोंग्रेस के कराची अधिवेशन में जो तिरंगा फहराया गया वह केसरिया, सफेद और हरे रंग का था। शुरू में तिरंगे के बीच मे चरखा बनाया गया। संविधान सभा ने सम्राट अशोक के सारनाथ स्तूप पर बने धम्म चक्र को राष्ट्रध्वज के मध्य में स्थापित करवाया। इस ध्वज को भारत की संविधान सभा नें राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रतीक के रूप में 22 जुलाई 1947 को स्वीकार किया। 15 अगस्त 1947 को जब सत्ता हस्तांतरण हुई तब तिरंगे को पहलीबार फहराया गया। सही तथ्य यह भी है तिरंगे में चार रंग है।यह तिरंगा हमारे स्वाभिमान और स्वाधीनता की पहचान है। इसकी रक्षा और सम्मान करना हम सब का कर्तव्य है। हम केवल यह न कहें कि हम राष्ट्रीय प्रतीकों का मन से सम्मान करते हैं। भाव से भावना का प्रकट होना, दिखाई देना एक प्रमाणिकता भी है। इस देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो राष्ट्रध्वज का सम्मान नही करते। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुछ राष्ट्रद्रोही लोग तिरंगे के ऊपर जूतों सहित चल रहे थे। कुछ लोग हैं जो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को सम्मान नही देना चाहते हैं। न ध्वजारोहण के समय सावधान मुद्रा में होते न राष्ट्रगान गाते हैं। इसके लिए वे इस हद्द तक कुतर्क कर बैठते हैं कि ऐसा कहाँ लिखा है? **भारत की मूल भावना है**- मातृभूमि पुत्रोहम पृथिव्याः। यह भूमि मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूँ। हम इस भूमि को उसी तरह प्यार और सम्मान दें जैसे हम जन्मदायिनी माता को देते हैं।

हमारा वतन
समाचार पत्र की ओर से
सभी देश वासियों को
75 Azadi Ka Amrit Mahotsav
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



# कांग्रेस पार्टी ने वाहनों पर निकाली आजादी की गौरव यात्रा

**जयपुर (हमारा वतन)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में चौमूं शहर में आजादी की गौरव यात्रा निकाली गई । चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आजादी की गौरव यात्रा निकाली । चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि पूरा देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ का उत्सव मना रहा है । अंग्रेजों के विरुद्ध देश की आजादी के महासंग्राम में कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया था ।

आज प्रत्येक भारतवासी का यह कर्तव्य है कि इस अवसर पर हम उन सभी अमर शहीदों के अमूल्य योगदान को श्रद्धा पूर्वक नमन करें ।

आजादी की गौरव यात्रा चौमूं नगरपालिका से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकली । इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की । आजादी की गौरव यात्रा में कांग्रेस पदाधिकारी, सेवादल, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित आमजन भी मौजूद रहे।

### आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में

# घर-घर तिरंगा फहराने के लिए निकाली विशाल रैली



**जयपुर (हमारा वतन)** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में खादी और ग्रामोद्योग आयोग जयपुर व राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में घर-घर तिरंगा ( राष्ट्रीय ध्वज ) फहराने के लिए संस्था संघ प्रागंण में स्थित गांधीजी की प्रतिमा को माल्यापर्ण कर रैली को रवाना किया गया।



रैली बजाज नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई गांधी नगर रेल्वे स्टेशन के सामने से होते हुए वापस संस्था संघ कार्यालय में पहुँची । इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा के नारे लगाए गए।

इस दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक बालेश्वर व संस्था संघ के मंत्री अनिल कुमार शर्मा व प्रदेश की संस्थाओं के पदाधिकारीगण - राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, मदनलाल नामा, बाबूलाल यादव, महेश शर्मा, भुवनेश गौड़, नवलकिशोर शर्मा, कौसल खींची, नरेन्द्र भण्डारी तथा आयोग व संस्था संघ के समस्त स्टाफ एवं विनय भारती बाल मन्दिर के छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल रैली में भाग लिया गया।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसैट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा